





नवभारत
भोपाल, रविवार ,18 जनवरी, 2026



### एक नजर में



#### रोजगार मेले में 580 युवाओं का हुआ चयन

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया. रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा युवाओं का साक्षात्कार लिया गया तथा योग्यता के अनुसार चयन किया गया. रोजगार मेले में 616 युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया था. जिसमें 13 कंपनियों द्वारा 580 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया. मेले में उद्योग विभाग द्वारा 12 हितग्राहियों को 41 लाख 48 हजार 922 रुपए का स्वरोजगार ऋण वितरण किया गया. इस अवसर पर लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य, उद्योग विभाग महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, डीपीएम दिनेश बर्फा, प्रबंधक संदीप उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.



#### पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने दिया वर-वधु को आशीर्वाद

सीहोर. कांग्रेस नेता जसबीर सिंह खनूजा प्रदेश महामंत्री कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ पूर्व परिवहन कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के भतीजे के विवाह समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद दिग्विजय सिंह शामिल हुए व वर-वधु को आशीर्वाद दिया .इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय, पवन राठौर, महेन्द्र सिंह खनूजा, पपिन्दर सिंह खनूजा, जसपाल सिंह खनूजा, पूनीत खनूजा, राजेन्द्र वर्मा, जयंत शाह, हरीश राठौर उपस्थित थे.



#### भागवत कथा 22 से कथास्थल का हुआ भूमि पूजन

**सीहोर.** हनुमान फाटक मंदिर कस्बा में श्रीमद् कथा का आयोजन 22 से 28 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रतिदिन होगी. श्रीमद् भागवत पुराण कथा वाचक भागवत भूषण पं. रविशंकर तिवारी द्वारा किया जाएगा. श्रीमद् भागवत कथा के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ. माता हिंगलाज माता मंदिर भावसार धर्मशाला से कलश यात्रा निकाली जाएगी. तत्पश्चात मुख्य पुजारी शेषनारायण तिवारी के आशीर्वाद से पं. रविशंकर तिवारी प्रथम दिवस भागवत का महत्व बताएंगे.




#### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जरूरी योजना : राठौर

**सीहोर.** लाड़ली बहना योजना महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बेहद जरूरी है. क्योंकि यह उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाती है, जिससे वे परिवार के निर्णयों में अहम भूमिका निभा पाती हैं, स्वास्थ्य और पोषण में सुधार होता है, और समाज में उनका सम्मान बढ़ता है, जिससे वे आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त होती हैं. उक्त विचार लाड़ली बहना योजना की लाभार्थी महिलाओं को मुख्यमंत्री द्वारा खातों में 15-15 सौ रुपए की राशि खातों में अंतरित कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कही. कार्यक्रम में ज्ञानेश खरे, भगवती लाल मालवीय, मुकेश मेवाड़ा, विजेन्द्र परमार, अजय पाल, राहुल राय, प्रदीप गौतम, दिनेश कुशवाहा, लोकेन्द्र वर्मा मौजूद थे.




#### कुपोषित बच्चों की माताओं को दिया जाए प्रशिक्षण-कलेक्टर

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें उन्होंने जिले में पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की.उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती कुपोषित बच्चों की माताओं को 15 दिवसीय कार्य प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे भविष्य में रोजगार से जुड़ सकें, आर्थिक रूप से मजबूती भी हो सकें और अपने बच्चों के साथ रहकर समुचित देखभाल भी कर सकें.

#### ग्रामोत्सव कार्यक्रम में दिलाई स्वदेशी अपनाने की शपथ

**सीहोर.** जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया. खंड समन्वयन एनपी सूर्यवंशी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास को गति प्रदान करना है. स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देनाउद्देश्य हैं. इस अवसर पर स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई गई. इस मौके पर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सेंगर एवं संजय त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे.

# सड़क पर उतरा टोइंग वाहन, बनाया चालान

## सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण दिन भर होता है यातायात जाम, पहले दिन बना एक चालान

- मकर संक्रांति पर हुआ था टो-वैन का शुभारंभ
- गंगा आश्रम में नो पार्किंग में खड़े वाहन का बना चालान

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 जनवरी. भोपाल-इंदौर मार्ग सहित नगर के अन्य व्यस्ततम मार्गों पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़ा करना अब महंगा साबित होगा. शनिवार को नपा व यातायात के अमले ने गंगा आश्रम में नो पार्किंग में खड़ी एक कार को टोईंग वाहन की मदद से जब्त कर लिया. इसके बाद वाहन मालिक पर चालानी कार्रवाई करने के बाद ही वाहन छोड़ा जा सका. अब यह मुहिम सतत रूप से जारी रहेगी.**

शहर की बिगड़ैल यातायात व्यवस्था जग जाहिर है. सड़कों को घेरकर खड़े वाहनों के कारण दिन में कई बार जाम के हालात निर्मित होते हैं और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. चार पहिया व दुपहिया वाहनों के बेतरतीब ढंग से खड़े होने की समस्या से निपटने के लिए हाल ही में नपा द्वारा एक टोईंग वैन खरीदी गई है. मकर संक्रांति के दिन इसका शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा किया गया था. उसी दिन टोईंग वैन ने नगर में भ्रमण करते हुए लाउडस्पीकर से मुनादी की थी कि नो पार्किंग में खड़े वाहनों को टोईंग वैन की मदद से जब्त किया जाएगा और चालानी कार्रवाई की जाएगी. इस मुनादी को लोगों ने नजरअंदाज करते हुए वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा करना जारी रखा. नतीजतन टोईंग वैन शनिवार को सड़कों पर उतर आई और नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई शुरू कर दी.




**सीहोर.** शनिवार को नपा के टोईंग वाहन की मदद से गंगा आश्रम में नो पार्किंग में खड़ी कार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई.

### नो पार्किंग में तो बनेंगे ही चालान

बस स्टैंड व गंगा आश्रम सहित अन्य स्थानों पर कई बार नो पार्किंग में वाहन नहीं खड़े करने को कहा गया है, लेकिन इसके बाद भी वाहन खड़े किए जा रहे हैं. जिससे यातायात बाधित होता है. ऐसे में हमारे पास नो पार्किंग में खड़े वाहनों को जब्त करने और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता.

**बृजमोहन धाकड़,**
यातायात प्रभारी, सीहोर

### शनिवार को हुआ टोइंग वैन का श्रीगणेश

शनिवार को नपा का अमला नो पार्किंग में खड़े वाहनों को जब्त करने के लिए निकला. इस दौरान चालानी कार्रवाई करने के लिए यातायात पुलिस का जवान भी उनके साथ मौजूद था. शहर के सबसे व्यस्ततम गंगा आश्रम में नो पार्किंग में खड़े एक वाहन को जैसे ही टोईंग वैन की मदद से जब्त कर यातायात थाने ले जाने लगे तभी कार का मालिक वहां आ पहुंचा और कार को छोड़ने की अनुनय विनय करने लगा, लेकिन उसके खिलाफ 500 रुपए का चालान बनाने के बाद ही कार को छोड़ा गया. इस दौरान टोईंग वैन को देखकर वहां मौजूद अन्य वाहनों को वहां से आनन-फानन में हटाया गया. इसके अलावा निजी नर्सिंग होम और डॉक्टरों के क्लीनिक के सामने आधी सड़क घेरकर खड़े दुपहिया वाहनों के चालक भी सड़क से नीचे उतारकर वाहन खड़े करते देखे गए.

### लोगों का कहना, पहले पार्किंग जोन तो बनाए जाएं

नपा और यातायात पुलिस की इस कार्रवाई को देखते हुए लोगों द्वारा पार्किंग जोन बनाए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है. चाणक्यपुरी से भोपाल नाका, बस स्टैंड, गंगा आश्रम, नदी चौराहा और इंदौर नाका तक एक भी पार्किंग जोन नहीं होने के कारण वाहन मालिकों को मजबूरन सड़कों पर वाहन खड़ा करना पड़ता है. यहां सर्वाधिक चार पहिया वाहनों की पार्किंग की समस्या बनी है तो शहर के अंदरुनी क्षेत्रों गांधी रोड, नमक चौराहा, जगदीश मंदिर चौराहा, कोतवाली चौराहा, पावर हाउस चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में दुपहिया वाहनों के लिए भी कोई पार्किंग जोन निर्धारित नहीं किया गया है. इस वजह से सड़कों पर दुपहिया वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं. नतीजतन दिन में कई बार जाम के हालात बनते हैं. इन क्षेत्रों में भी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था नपा को करना चाहिए.

## लुटेरी दुल्हन गैंग के दो और आरोपी गिरफ्तार



**भैरूंदा.** पुलिस ने लुटेरी दुल्हन गैंग के फरार आरोपी और मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया है. जो डेढ़ माह से फरार थे और पुलिस को चकमा दे रहे थे. आरोपियों से धोखाधड़ी के हिस्से में आए रुपए जप्त किए गए. गत 6 दिसंबर को रामबाबू गुप्ता निवासी शास्त्री कालोनी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि फर्जी लुटेरी दुल्हन रानी, उसके फर्जी बने भैया कृष्णकुमार शर्मा उर्फ मुकेश, भाभी दिव्या, राधा उर्फ राजू बाई व अन्वर खान के विरुद्ध अपने साले फर्जी सचिन गुप्ता के साथ फर्जी करवाकर धोखाधड़ी कर 1 लाख 71 हजार रुपए लेकर दुल्हन फरार हो गए. एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा लुटेरी दुल्हन 32 वर्षीय रानी प्रजापति निवासी केके नगर आगरा व उसकी सहयोगी दिव्या पति महेन्द्र गंधर्व निवासी माता मंदिर के पास देशवाली मोहल्ला दोराहा को गिरफ्तार किया था. घटना के पश्चात आरोपी लुटेरी दुल्हन रानी का फर्जी भाई मुकेश उर्फ कृष्ण कुमार शर्मा, राधा दीदी और अन्वर खान फरार हो गए थे. जिनकी तलाश करते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया. जहां से उन्हें जेल भेजा गया.

## बाल श्रमिकों से कार्य कराने की शिकायत

- सीलकंठ में सड़क व नाली बना रहे बाल श्रमिक
- सामाजिक कार्यकर्ता ने पुलिस से की शिकायत

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा 17 जनवरी.** जिले के सीलकंठ गांव में सड़क और नाली निर्माण कार्य में बाल श्रमिकों से काम कराने का मामला सामने आया है. सामाजिक कार्यकर्ता इंद्राज बरखने ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है। निर्माण स्थल पर एक नाबालिग बालिका द्वारा काम करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.

इंद्राज बरखने ने अपनी शिकायत में बताया कि गांव में पंचायत द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में ठेकेदार राजेश पंवार बाल श्रमिकों का उपयोग कर रहे हैं. आरोप है कि एक दर्जन से अधिक नाबालिग मजदूरी कर रहे हैं. शिकायतकर्ता के अनुसार, ठेकेदार इन मजदूरों को बैतूल जिले से लाया है. बच्चों से खतरनाक और जोखिम भरा काम कराया जा रहा है, जिससे उन्हें गंभीर चोट लगने का खतरा है। यह पूरी तरह गैरकानूनी है.

बरखने ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में पहले पंचायत में भी शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. उनका आरोप है कि पंचायत के जिम्मेदार भी इस काम में संलिप्त हैं. थाने में शिकायत के बाद भी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने श्रम विभाग को भी सूचित किया है. इस मामले पर भैरुंदा टीआई घनश्याम दांगी ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है और पुलिस मामले की जांच कर रही है.

## खेलो एमपी यूथ गेम्स 19 को, होंगे 28 खेल

**सीहोर.** खेलो एमपी यूथ गेम्स की जिला स्तरीय प्रतियोगिता19 जनवरी को आवासीय खेलकूद संस्थान एवं खेल परिसर चर्च ग्राउंड एवं बीएसआई खेल मैदान पर आयोजित की जाएगी. विकासखंडों पर 28 खेलों में 1350 खिलाड़ियों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराए गए जिसमें लगभग 1050 खिलाड़ी जिले में सहभागिता करेंगे. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 21 खेलों हॉकी, बॉक्सिग, एथलेटिक्स, खो-खो, तैराकी, टेबल टेनिस, मल्लखंब, कुश्ती,आदि खेल के खिलाड़ी शामिल होंगे. प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला आदि द्वारा किया जाएगा.

## श्यामपुर मार्ग बनेगा फोरलेन : विधायक

- जर्जरावस्था में होने के कारण राहगीर होते परेशान
- विधायकराय की अनुशंसा पर गडकरी ने दी स्वीकृति

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 जनवरी.** जिलेवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी है. सीहोर से श्यामपुर तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा. इस परियोजना की घोषणा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की. यह सौगात क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर मिली है.




जानकारी के अनुसार करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली इस फोरलेन सड़क से सीहोर से श्यामपुर तक आवागमन पहले से कहीं अधिक सुलभ और सुरक्षित होगा. सड़क पर आधुनिक डिवाइडर, स्ट्रीट लाइटिंग सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी.

बताया जाता है कि विधायक सुदेश राय ने इस सड़क निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर क्षेत्र की आवश्यकता से अवगत कराया था. उनकी पहल पर अब केंद्रीय सड़क प्राधिकरण द्वारा श्यामपुर से जिला मुख्यालय सीहोर तक सड़क निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा.

इस अवसर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण विभाग मंत्री, सांसद एवं विधायक उपस्थित थे. साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. क्षेत्रवासियों ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसे सीहोर-श्यामपुर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है.

## ओलंपियाड में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

नवभारत न्यूज

**आष्टा 17 जनवरी.** गत दिवस जिला स्तरीय ओलंपियाड स्पर्धा का आयोजन किया गया.

प्रतियोगिता के लिए हर ब्लाक स्तर पर एक परीक्षा केंद्र बनाया गया. बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत ने बताया कि ओलंपियाड परीक्षा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर बीएसी मनोज कुमार विश्वकर्मा, शालिनी सारासिया, प्रतिमा भावक को दायित्व सौंपा गया. ओलंपियाड प्रभारी फूलचंद सांकले ने बताया कि कक्षा 2 से 8 तक के बच्चों ने उक्त परीक्षा ओएमआर शीट पर दी जो कि दो दिन तक दो से आठ तक सभी विषयों पर संपन्न हुई. जिसमें कुल लक्षित 896 बच्चों में से 683 बच्चों ने सहभागिता की. जिला परियोजना समन्वयक आरआर. उइके द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए. इस मौके पर बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत, अनिल कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र सिंह मालवीय, देवजी मेवाड़ा, मनोहर लाल विश्वकर्मा, हरेंद्र सिंह ठाकुर, जगदीश मालवीय, कृष्ण कुमार सोनी, केदार सिंह परमार, राकेश सूर्यवंशी उपस्थित थे.



## सीहोर और भोपाल के बीच फाइनल आज

**सीहोर.** चर्च मैदान पर रविवार को फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता का खिताबी मुकाबला बिल्डअप सीहोर और लेक सिटी भोपाल के मध्य खेला जाएगा. दोनों ही टीम ने लीग मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन किया है. लीग मुकाबले में सीहोर टीम ने सेमीफाइनल में छिंदवाड़ा को हराया और उनके स्टार फुटबाल पियुष थापा 10 गोल कर चुके हैं. मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि इस मुकाबले में विजेता टीम को 51 हजार और उपविजेता टीम को 31 हजार की नगद राशि व ट्राफी दी प्रदान की जाएगी.

## आज होगा सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 जनवरी.** गंज के समीपस्थ करोली वाली माता मंदिर में संयुक्त मां कालका उत्सव समिति के तत्वाधान में शहर के इतिहास में पहली बार होने जा रहे ऐतिहासिक दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को कलश यात्रा के साथ होगा.

इस मौके पर करीब 551 से अधिक महिलाएं सिर पर कलश धारण करते हुए यात्रा में शामिल होंगी. करीब एक किमी तक पुष्प वर्षा के साथ क्षेत्रवासियों ने कलश यात्रा के स्वागत की तैयारियां की है. कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, यज्ञाचार्य पं. महादेव शर्मा और मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर सहित अन्य ने माघ की गुप्त नवरात्रि में समस्त शहरवासियों के द्वारा कराए जा रहे दिव्य अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है. शनिवार को महायज्ञ से पहले करीब 45 से अधिक जोड़ों को हिमाद्री आदि का अनुष्ठान कराया गया. शहर के एतिहासिक व प्राचीन करौली माता मंदिर में पहली बार होने जा रहे सहस्त्र चंडी महायज्ञ आयोजन को लेकर शहर में उत्साह का माहौल बना है.



**प्रदर्शन** मनरेगा में बदलाव और इंदौर में हुई मौतों के विरोध में कांग्रेस ने रखा उपवास

# मौलिक अधिकारों के हनन के विरुद्ध सशक्त संदेश है उपवास

नवभारत न्यूज

**सीहोर 17 जनवरी.** जिला कांग्रेस के तत्वाधान में अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा में किए जा रहे बदलावों के माध्यम से काम के कानूनी अधिकार को कमजोर किए जाने के विरोध में तथा इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से हुई 24 मौतों के खिलाफ जिले में पानी की गुणवत्ता जैसे गंभीर जनहित के मुद्दे को लेकर उपवास आयोजित किया गया. जिसमें जिला प्रभारी दिनेश मेघानी, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल उपस्थित थे.

इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि यह उपवास केवल विरोध का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार की जनविरोधी नीतियों, लापरवाह प्रशासन और नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन के विरुद्ध सशक्त संदेश है. सीहोर और आष्टा नपा क्षेत्र में कई वार्डों में गंदा मटमैला पेयजल सप्लाई किया जा रहा है, इस ओर ध्यान दिया जाए. इ पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल ने कहा कि रोजगार का अधिकार हो या शुद्ध पेयजल इन बुनियादी सवालों पर अब चुप्पी स्वीकार्य नहीं है. जनहित, जनस्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के लिए यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा. उपवास के उपरांत राजीव गुजराती ने कहा कि राहुल गांधी ने आज इन्दौर में कहा कि हमें स्मार्ट सिटी का वादा किया गया था. यह स्मार्ट सिटी का नया मॉडल है, जहां पीने का पानी नहीं है और लोगों को धमकाया जा रहा है. इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की मौत हुई है. यह सरकार का शहरी मॉडल है और यह सिर्फ इंदौर तक सीमित नहीं है, बल्कि कई शहरों में यही हो रहा है. भाजपा सरकार साफ पानी और साफ हवा देने की जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही है. भाजपा सरकार में किसी न किसी को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए. पीड़ितों को सरकार की लापरवाही से हुई इस त्रासदी के लिए मुआवजा मिलना चाहिए. नेता प्रतिपक्ष के रूप में जनता के मुद्दे उठाना मेरी जिम्मेदारी है. इस अवसर पर विवेक राठौर, घनश्याम यादव, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, गुलाब बाई ठाकुर, राजेश भूरा यादव, देवेन्द्र सिंह बोरदी, धर्मेन्द्र मेमदाखेड़ी, बलवान पटेल, अरविन्द ठाकुर, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, गिरवर सिंह चौहान, संतोष पटेल, रामनारायण शर्मा, राजकुमार मालवीय, मजीद अंसारी, इरफान लाला, हसीन कुरैशी, हर्षदीप राठौर, राजेश चौहान, अरूण राय, प्रेमनारायण परमार, केके रिछारिया, तुलसी राठौर, भगत सिंह तोमर, संतोष मालवीय, मनीष मेवाड़ा, मोनू शर्मा, ओम सोनी उपस्थित थे.




## शिविर में किया 625 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है. इसी क्रम में शुक्रवार को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 430 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 195 बच्चों का टीकाकरण किया गया. 94 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया.